निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता (एचबीवाईसी) (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग अधिकारी- उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका एवं दायित्व- निम्नलिखित विषयक क्षेत्रों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अन्तर्गत आवास आधारित युवा परिचर्या कार्यक्रम के कार्यान्वयन में बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करनाः

1. आवास आधारित नवजात परिचर्या कार्यक्रम (एचबीवाईसी/एचबीएनसी) के सशक्तिकरण और कार्यान्वयन के लिए विषयक क्षेत्रों को तकनीकी सहायता तथा कार्यक्रम संबंधी सहायता उपलब्ध कराना।
2. कार्यक्रम में सुधार करने के लिए इसकी आयोजना, कार्यान्वयन और मध्यावधिक सुधारों और फीडबैक के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
3. नवजात परिचर्या के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए सरकारी संस्थाओं के क्षमता निर्माण को सुकर बनाना।
4. एचबीवाईसी कार्यक्रम में सुधार करके उपकरणों तथा सहायक पद्धतियों के उपयोग का मार्गदर्शन करना और प्रोत्साहित करना।
5. आवास आधारित युवा परिचर्या कार्यक्रम के संबंध में प्रचालनात्मक और तकनीकी दस्तावेजों के विकास में सहायता करना।
6. तकनीकी रिपोर्टें तैयार करने और मौजूदा दिशा-निर्देशों तथा प्रशिक्षण नियमों की समीक्षा करने तथा राज्य/जिला स्तरों पर इनका प्रचार-प्रसार करने में सहायता करना।
7. राज्य पीआईपी के मूल्यांकन में सहायता करना।
8. बाल स्वास्थ्य फ्रेमवर्क परिणामों के भीतर पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

पात्रताः

1. मेडिकल स्नातक के साथ जन स्वास्थ्य में मास्टर/पीजी डिप्लोमा ।
2. जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5 + वर्ष का अनुभव जिसमें से राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर सरकार के साथ आरसीएच कार्यक्रम में 2-3 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम के साथ कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख पणधारकों और संबंधित सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों विशेष तौर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी होना।
4. उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
5. बहु विषयक दल परिवेश में कार्य करने हेतु प्रदर्शनात्मक कुशलता।
6. फील्ड स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में प्रदर्शित अनुभव।
7. संगत आंकड़ों और दस्तावेज की छानबीन करने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे सामान्यत उपयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी के साथ कम्प्यूटर में दक्षता।
8. निर्धारित समय-सीमाओं के दबाव के चलते विभिन प्रकार के कार्यों को निपटाने की योग्यता।
9. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों तथा जिलों की दौरा करने की इच्छा तथा सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाने के साथ-साथ निर्धारित विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।
10. यदि कोई उच्च गुणवत्ता वाला प्रकाशन कार्य किया है अथवा किसी विशिष्ट संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव प्राप्त है तो औपचारिक शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयुः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 55 वर्ष तक की आयु तथा व्यापक क्षेत्रीय दौरों के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक- 90,000/- से 1,30,000/- रुपए प्रति माह के बीच।

स्थानः नई दिल्ली। राज्यों और जिलों में यात्रा करने की इच्छा सहित।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 20-Aug-2018 तक rch.hbyc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।